<u>समाचार</u>

निगम की मेयर इन काउंसिल द्वारा दी गई विभिन्न कार्यो को स्वीकृति

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुई एम.आई.सी. की बैठक)

कोरबा 17 दिसम्बर 2024 –नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल द्वारा आज निगम के विभिन्न विकास कार्यो, पेंशन व आर्थिक सहायता संबंधी योजनाओं के हितग्राहियों, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की विस्तार से समीक्षा की तथा कार्यो में आवश्यक गति लाने व जनसुविधाओं से जुड़े कार्यो पर विशेष फोकस रखकर कार्य किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में मंगलवार को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित एम.आई.सी. कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ई–बस सेवा योजना अंतर्गत सिविल बस डिपो इंफ्रास्ट्रक्चर तथा बी.टी.एम. पावर इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, सफाई ठेकेदारों को संशोधित कलेक्टर दर पर भुगतान करने, अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत 33 एम.एल.डी. सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, स्व.

केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन, भवन, सड़क सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निर्धारण आदि से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन पर मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए। इसी प्रकार निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो संबंधी प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा – एम.आई.सी. बैठक के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की जोनवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होने विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रगतिरत, प्रस्तावित व स्वीकृत निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की मदवार समीक्षा की, प्रगतिरत कार्यो को समयसीमा में पूरा करने, निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, प्रस्तावित व स्वीकृत कार्यो की निविदा प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण कर कार्यो को प्रारंभ कराने तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो को सर्वप्राथमिकता के साथ संपादित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

स्वच्छता कार्यो में और अधिक कसावट लायें – बैठक के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निगम के साफ–सफाई कार्यो व शहर की स्वच्छता पर विशेष फोकस रखते हुए स्वच्छता कार्यो में और अधिक कसावट लाई जाए, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य संपादित हों, सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित कचरे का स्थल से तुरंत उठाव, परिवहन व उसका समुचित प्रबंधन किया जाए, सफाई कार्यो में सभी उपलब्ध आवश्यक संसाधनों को उपयोग में लाया जाए, स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों में गति लाई जाए तथा शहर की स्वच्छता हेतु सभी आवश्यक कदम उठाएं जाएं।

बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, बसंत चन्द्रा, प्रदीपराय जायसवाल, पालूराम साहू, सपना चौहान, सुनीता राठौर, सुरती कुलदीप, रोपा तिर्की, मस्तुल सिंह कंवर, सुखसागर निर्मलकर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, भूषण उरांव, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, सुरेश बरूवा, संतोष रवि, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, सहायक लेखाधिकारी प्रदीप सिकदर, नीलाम्बर यादव, अरविंद सिंह आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।